# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

वेबसाइट : www.ushadoon.org

दिनांक जुलाई , 2015

---

**दिनांक 04.07.2015 को सायं 05:30 बजे सोसाईटी के क्लब हाऊस उषा कालोनी में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–**

**उपस्थिति पंजिका में दर्ज बैठक में उपस्थिति** :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2. सदस्य – श्री ए0के0 राणा
3. सदस्या – श्रीमती आकांक्षा सिन्हा

**विशेष उपस्थिति** :–

1. श्री अमित सिन्हा
2. श्री प्रेम दत्त रतूड़ी
3. श्री एन0एस0 नलपच्याल
4. श्री दिनेश भट्ट
5. श्री रविन्द्र खन्डूजा, सी0ए0

कार्यकारिणी के–श्री एस0के0 भगत–उपाध्यक्ष, श्री एल0 एम0 पन्त–उपाध्यक्ष, श्री एस0पी0 सुबुद्धि, ऑनरेरी सचिव, श्री आर0के0 सुधान्शु–सदस्य उषा, कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर सहमति बनी :–

**बिन्दु संख्या 01 –** सी0ए0 द्वारा प्राप्त बकाया देय धनराशि की सूची के आधार पर समिति द्वारा विचार–विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि पहले प्रथम चरण में एक लाख से अधिक बकाया धनराशि वाले सदस्यों की नाम की सूची Whats App पर डाल दी जाये।

**बिन्दु संख्या 02 –** वर्ष काल में उषा सोसाईटी के अन्दर पौधारोपण एवं/वृक्षारोपण हेतु सोसाइटी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सोसाइटी के अन्दर कठहल व नीबू के पेड़ लगाये जाये और इस कार्य हेतु श्री ए0के0 राणा को इस कार्य की जिम्मेदारी सौपी गयी।

**बिन्दु संख्या 03 –** कालोनी के सौन्दर्यकरण, खाली पड़ी भूमि एवं पार्कों के रख–रखाव पर चर्चा करते हुए समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि सोसाईटी की रोड़ किनारे खाली पड़ी जमीन को मिट्टी व बजरी सहयता से एक ट्रैक बनाया जाये जिसका उपयोग मॉर्निंग वॉक व इवनिंग वॉक हेतु सदस्यों द्वारा किया जायेगा। इस कार्य को कराने की जिम्मेदारी समिति द्वारा श्री अमित सिन्हा को दी गयी।

**बिन्दु संख्या 04** – बैडमिन्टल हाल में Multiple Gym Equipments लगाये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि Multiple Gym Equipments को क्रय करने से पहले सोसाइटी के बजट की स्थिति को देखते हुए व बैडमिन्टल हाल में उसके लगने की जगह उचित एरिया होने के उपरान्त ही इस पर विचार किया जाये।

**बिन्दु संख्या 05 –** कालोनी के अन्दर सड़क पर कार पार्किंग किये जाने के सम्बन्ध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रत्येक सदस्य को अपने भवन के अन्दर कम से कम दो गाडियाँ आवश्यक खड़ी करनी होगी।

**एजेण्डा बिन्दु सं0 6** :– वर्ष 2015 में होने वाली AGM बैठक की तिथि 07 नवम्बर, 2015 समिति द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृत की गयी।

**–हस्ता0–**
**(सुभाष जोशी)**
**अध्यक्ष,**
**उषा एसोसिएशन, देहरादून।**

प्रतिलिपि–1– समस्त सदस्यगण

2– श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0